## एक बर्खास्त व एक निलंबित

रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मैजिक के एक हेल्पर कर्मचारी को सेवा से बर्खास्त व एक वार्ड दारोगा को निलंबीत किया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया वार्ड नंबर 35 में गुरुवार को किए गए निरीक्षण के दौरान शेरानीपुरा खेड़ा में खाली पड़े प्लॉट पर कचरा मिलने पर वार्ड दारोगा मोहसिन खान को निलंबीत कर दिया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 7 में मैजिक कचरा वाहन का हेल्पर लखन रविंद्र चावरे कार्य के दौरान उपस्थित नहीं पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

पत्रिका 3/9/21

## दरोगा मोहसिन खान निलंबित, मैजिक हेल्पर लखन चावरे बर्खास्त

रतलाम | सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने पर वार्ड 35 के दरोगा मोहसिन खान को निलंबित कर दिया गया है। बुधवार को निरीक्षण के दौरान शेरानीपुरा खेड़ा में रिक्त भूखंड पर कचरे के ढेर पाए जाने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्रवाई की। उधर वार्ड 7 के कचरा संग्रहण वाहन के हेल्पर लखन रविंद्र को बर्खास्त कर दिया है। रविंद्र बुधवार को बिना बिना सूचना ड्यूटी पर नहीं आया। उधर नो पार्किंग में खड़े चार वाहनों को जब्त किया गया। इनके मालिकों से जुर्माना भी वसूला गया।

दे. भास्कर 3/9/21

माइक्रोबायोलाजी विभाग से हुई शुरुआत, लैब साफ्टवेयर इंस्टाल किया

# मरीजों को सुविधा : मेडिकल कालेज की लैब से आनलाइन मिलेगी जांच रिपोर्ट

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज की लैब (माइक्रोबायोलाजी, पैथालाजी और बायोकेमेस्ट्री) में अब आनलाइन जांच की सुविधा होगी। इसके लिए लैब साफ्टवेयर का इंस्टाल किया गया है। इसकी शुरुआत माइक्रोबायोलाजी लैब से की गई है। प्रदेश शासन की पहल पर यह प्रक्रिया लागू हो रही है। इसके बाद लैब का पूरा कार्य आनलाइन होगा। अस्पताल में डाक्टर साफ्टवेयर के माध्यम से आनलाइन रिपोर्ट देख सकेंगे। आने वाले समय में मरीजों को भी रिपोर्ट के लिए चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।

माइक्रोबायोलाजी लैब में आरटीपीसीआर लैब से इसका प्रयोग शुरू हो गया है। विभाग के डाक्टर, साइंटिस्ट एवं टेक्नीशियन साफ्टवेयर का प्रशिक्षण भोपाल से प्राप्त कर चुके हैं। गुरुवार को उपकरणों का इंस्टालेशन कर जांच भी शुरू कर दी गई है। बतौर प्रयोग 10 से 15 सैंपल रोज इस प्रक्रिया से जांचे जाएंगे। यहां अभी कोरोना के सैंपल जांचें जा रहे हैं। इसके बाद पैथालाजी और बायोकेमेस्ट्री लैब में यह सुविधा लागू हो जाएगी। माइक्रोबायोलाजी विभाग के डा. प्रफुल्ल सोनगरा ने बताया कि इस प्रक्रिया के लागू होने से लैब का पूरा काम आनलाइन होने से कागज व समय की बचत होगी। बार कोड द्वारा मरीजों का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे पोर्टल एंट्री में समय की बचत होगी और लैब में सैंपल प्रोसेसिंग कौन-सी स्टेज में है, इसकी वास्तविक स्थिति का पता लग सकेगा। इसके अलावा लैब से संबंधित रिकार्ड भी साफ्टवेयर में रखा जा सकता है। मेडिकल के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि लैब में अब सारी प्रक्रिया आनलाइन होगी। हमने प्रक्रिया पर काम शुरू करा दिया है। माइक्रोबायोलाजी लैब की सभी रिपोर्ट आनलाइन अपलोड की जा रही हैं।

नईदुनिया 3/9/21

# जिला अस्पताल में कोविड वैक्सीनेशन शुरू

**रतलाम।** जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है। गुरुवार को रेडक्रास द्वारा संचालित सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर का एडीएम जमुना भिडे एवं डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन ने निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष में पात्र हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कोई भी आवेदक अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी का परीक्षण कराकर पात्र होने की दशा में निशुल्क आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर, आरएमओ डा. योगेश नीखरा एवं डा. रजत दुबे, लोकेश वैष्णव उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का घर-घर वैक्सीनेशन

जिले में 1075 कोविड हेल्पलाइन पर दूरभाष के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों द्वारा घर पर ही वैक्सीनेशन कराए जाने संबंधी पंजीयन कराए गए हैं। रतलाम शहर में मोबाइल वैक्सीनेशन वाहन को सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहनों में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घरों में जाकर वैक्सीनेशन किया।

नईदुनिया 3/9/21

गणेश उत्सव के लिए गाइड लाइन जारी

# चल समारोह नहीं निकलेगा, प्रतिमा विसर्जन के लिए सिर्फ 10 लोगों को जाने की अनुमति

**भोपाल |** राज्य सरकार ने धार्मिक कार्यक्रम एवं त्योहार आयोजित किए जाने के लिए गुरुवार को गाइडलाइन जारी कर दी गई है। इसके अनुसार प्रतिमा स्थापित करने के लिए पंडाल का आकार 30x45 फीट की जगह जरूरी होगी और प्रतिमा विसर्जन स्थल तक ले जाने के लिए 10 व्यक्तियों को ही अनुमति होगी। चल समारोहों पर प्रतिबंध रहेगा। सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

## दिशा-निर्देश : संकरी गलियों में नहीं लगेंगी झाकियां

▪ ऐसी जगह झांकियां नहीं बनेगी, जहां की सड़कें या जगह संकरी हो या सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न हो। ▪ मूर्ति विसर्जन का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन से अनुमति लेना होगी। ▪ जिला प्रशासन विसर्जन के लिए अधिक से अधिक उपयुक्त स्थानों का चयन करे, जिससे वहां कम भीड़ हो। श्रद्धालुओं को मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना जरूरी होगा। ▪ लाउड स्पीकर बजाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन जरूरी होगा। ▪ इस गाइडलाइन का उल्लंघन होने पर संबंधित जिले के कलेक्टर कार्रवाई करेंगे। वे धारा 144 के तहत कार्रवाई कर सकेंगे। साथ ही जुलूस, पंडाल आदि के संबंध में अलग से परमिशन देंगे। उक्त सभी दिशा-निर्देश अगले आदेश तक लागू रहेंगे।

दे. भास्कर 3/9/21

# किट खत्म, दो दिन से नहीं हो पा रही डेंगू की जांच

## परेशानी : निजी अस्पतालों में मिले पांच संदिग्ध मरीज, खतरनाक हो रही बीमारी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले व शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, इधर किट के अभाव में दो दिन से जिला अस्पताल में एलायजा टेस्ट नहीं हो रहा है। बुखार के मरीज जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों में भी मरीज बढ़ रहे हैं।

शुक्रवार को किट आने की संभावना है, इसके बाद जांच शुरू हो जाएगी। निजी अस्पतालों में डेंगू के पांच मरीज मिले हैं, जिनका उपचार चल रहा है। निजी अस्पतालों में किट जांच के आधार पर ही डेंगू का उपचार हो रहा है, जबकि डेंगू की पुष्टि एलाइजा टेस्ट रिपोर्ट से मानी जाती है। जिला अस्पताल में ही यह सुविधा है। इस साल अब तक जिले में डेंगू 202 मरीज मिल चुके हैं। इनमें शहर के सर्वाधिक 130 हैं। नए पांच मरीजों के बाद संदिग्धों की संख्या 50 पहुंच गई है। सैलाना में आशा कार्यकर्ताओं को सर्वे के दौरान डेंगू, मलेरिया की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। रोकथाम व बचाव के सर्वे चल रहा है। मलेरिया विभाग की एंटी लार्वा टीम फागिंग और लार्वा नष्ट कराने के में लगी है। शहर में नगर निगम के साथ मलेरिया विभाग फागिंग करा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एलाइजा टेस्ट की किट खत्म होने के कारण दो दिन से जांच नहीं हुई। शुक्रवार को किट के दो सेट मिलने पर करीब 200 टेस्ट हो सकेंगे।



रतलाम के दो बत्ती क्षेत्र में फागिंग करते हुए कर्मचारी। ●नईदुनिया

### मेडिकल कालेज में 35 मरीज भर्ती, पांच स्वस्थ होकर घर लौटे

मंगलवार से मेडिकल कालेज के अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए 60 बेड का वार्ड शुरु किया गया है, गुरुवार तक डेंगू के संदिग्ध 40 मरीज भर्ती हो चुके हैं। इनमें से पांच मरीज स्वस्थ होकर घर चले गए और 35 का उपचार चल रहा है। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया 30-30 बेड में महिला और पुरुष मरीजों को भर्ती कर उपचार करने की सुविधा चालू की गई है। नईदुनिया

### सैलाना नगर परिषद कर्मचारी की डेंगू से मौत!

सैलाना। संदिग्ध डेंगू पीड़ित नगर परिषद में सहायक वर्ग-तीन के पद पर कार्यरत सुरेश भूरिया पुत्र धूलसिंह का गुरुवार सुबह रतलाम के निजी चिकित्सालय में निधन हो गया। वे आलीराजपुर जिले के भाभरा के समीप पारा गांव के निवासी थे। जानकारी के मुताबिक आठ-दस दिन पहले वह अपने गृह ग्राम पारा गए थे। वहां पर तबीयत खराब होने पर किसी परिचित डाक्टर से इलाज करवाया और ठीक हो गए। जन्माष्टमी पर अपने माता-पिता के पास होशंगाबाद के पिपरिया भी गए थे और उनसे मिलकर वापस सैलाना आ गए थे। यहां आफिस आकर काम भी करने लगे थे कि अचानक मंगलवार शाम को फिर से तबीयत खराब होने लगी तो रतलाम के निजी चिकित्सालय में जाकर भर्ती हो गए। इधर, रात को सीएमओ जेपी गुहा ने अधीनस्थ कर्मचारी धीरज को रतलाम भेजा। धीरज रात में भूरिया के साथ ही रुके। गुरुवार रात को तीन यूनिट रक्त भी चढ़ाया गया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। रात में सुरेश भूरिया की तबीयत ज्यादा खराब होने पर साथी कर्मचारी धीरज ने सीएमओ को दूरभाष पर सूचना दी। मुख्य नगर परिषद अधिकारी ने तुरंत परिषद के कर्मचारी सुरेंद्रसिंह चौहान, अभिमन्यु ग्वाले, शैलेंद्रसिंह राठौर तथा संदीप चारण को अस्पताल भेजकर अच्छा इलाज करवाने के निर्देश दिए। रात मे ही कर्मचारी के पहुंचने पर इलाज भी प्रारंभ हो चुका था, लेकिन गुरुवार सुबह 10:30 बजे सुरेश ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि भूरिया की प्लेटलेट काफी कम हो गई थी और ब्लडिंग भी ज्यादा हो गई थी।

**लाकडाउन में हुई थी शादी**

सुरेश भूरिया की लाकडाउन में करीब तीन माह पहले ही शादी हुई थी। सुरेश के पिता धूलसिंह भूरिया होशंगाबाद जिले की पिपरिया कोर्ट में है। खबर मिलते वह भी वहां से सपरिवार आलीराजपुर की ओर निकल गए। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था।



सुरेश भूरिया

नगर परिषद के कर्मचारी सुरेश भूरिया की तबीयत खराब होने पर परिषद के कर्मचारियों को भी वहां समुचित इलाज करवाने के लिए भेजा था। प्लेटरेट काफी कम हो गए थे। प्रारंभिक तौर पर डेंगू से मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। **- जेपी गुहा, सीएमओ, नगर परिषद सैलाना**

सुरेश बुधवार को निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था। इसके पहले उसने तबीयत बिगड़ने पर झाबुआ जिले में उपचार करवाया था। अब तक उसकी डेंगू की जांच नहीं हुई है। **- प्रमोद प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी, रतलाम**

नईदुनिया 3/9/21

# शासकीय योजनाओं में जल्द मिले बैंक ऋण

नईदुनिया

## शहर विधायक और कलेक्टर ने दिए निर्देश

रतलाम। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में ऋण स्वीकृति में किसी तरह की देरा न हो। निर्धारित लक्ष्य पूर्ति के लिए सभी बैंक पूर्ण गंभीरता से काम करें। अगले एक सप्ताह में प्रोग्रेस नर आनी चाहिए। उक्त निर्देश कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दिए। बैठक में शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बैंकर्स को संवेदनशीलता रखते हुए प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, लीड बैंक मैनेजर व सभी बैंकों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, पथ विक्रेता योजना एवं स्वसहायता समूह के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जितने भी पथ विक्रेता हैं उनके पास हाथ ठेला हो जाए तो उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इसके लिए बैंक चाहे तो कैंप लगाकर एक साथ प्रकरणों को स्वीकृत कर सकते हैं। गरीब को इस समय काम की आवश्यकता है। विधायक काश्यप ने कहा कि आवासीय योजनाओं में लोग शीघ्र से शीघ्र अपने घरों में प्रवेश करें यह आवश्यक है। इन लोगों को घर मिलते ही झुग्गी मुक्त शहर का सपना भी साकार होगा।

नईदुनिया 3/9/21

### मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फुड झोन

# विधायक ने कलेक्टर से चर्चा में दिया कंसलटेंट नियुक्ति पर जोर

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर के कान्वेन्ट तिराहा से सैलाना बस स्टैण्ड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित होने वाले फुड झोन के लिए जल्द कंसलटेंट नियुक्त करने पर विधायक चेतन्य काश्यप ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर फुड झोन का विकास किया जाए, ताकि इससे रतलाम के लजीज व्यंजनों की प्रसिद्धी ओर विस्तारित हो और फुड झोन के रूप में आम लोगों को आमोद-प्रमोद के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिल सके।

कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से चर्चा में विधायक काश्यप ने फुड झोन के साथ-साथ सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराजा सज्जनसिंहजी स्टेच्यु, दो बत्ती चौराहा एवं महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके लिए ही जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति हो। इन चौराहों के विकास से रतलाम शहर को नई पहचान मिलेगी। विधायक ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में ओर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल रहा है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, जिससे रतलाम स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के रूप में अपनी पहचान बना सके। पत्रिका

पत्रिका 3/9/21

# मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फूड जोन : शहर विधायक

## कलेक्टर से चर्चा, कंसल्टेंट की नियुक्ति पर ज़ोर

**रतलाम |** विधायक चेतन्य काश्यप ने कॉन्वेंट तिराहा से सैलाना बस स्टैंड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित किए जाने वाले फूड जोन के लिए विधायक चेतन्य काश्यप ने जल्द कंसल्टेंट नियुक्त करने को पर जोर दिया है। विधायक काश्यप ने गुरुवार को इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा की। इसमें मास्टर प्लान बनाकर फूड जोन का विकास करने को कहा। इसके साथ ही विधायक काश्यप ने सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की। महाराजा सज्जनसिंह स्टेच्यू, दो बत्ती चौराहा और महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सौंदर्यीकरण किया जाए। इसके लिए भी जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति की जाए। इससे चौराहों को नई पहचान मिलेगी। विधायक काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में और सुधार लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियों का प्रकोप फैल रहा है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था को और बेहतर किया जाए।

भास्कर

दै. भास्कर 3/9/21

# मास्टर प्लान बनाकर विकसित करें फूड जोन

**कलेक्टर से चर्चा में दिया जल्द कंसल्टेंट नियुक्ति पर जोर**

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने रतलाम के कान्वेंट तिराहा से सैलाना बस स्टैंड चौराहा तक बन रहे सिटी फोरलेन पर विकसित होने वाले फूड जोन के लिए जल्द कंसल्टेंट नियुक्त करनें पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान बनाकर फूड जोन का विकास किया जाए, ताकि इससे रतलाम के लजीज व्यंजनों की प्रसिद्धि विस्तारित हो।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा में विधायक काश्यप ने फूड जोन के साथ-साथ सिटी फोरलेन पर आने वाले चौराहों के विकास पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराजा सज्जनसिंह स्टेच्यू, दो बत्ती चौराहा व महाराणा प्रताप चौक के चौराहों का सुव्यवस्थित विकास कर सुंदरीकरण किया जाए। इसके लिए ही जल्द कंसल्टेंट की नियुक्ति हो। इन चौराहों के विकास से रतलाम शहर को नई पहचान मिलेगी। विधायक काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारियां तेजी से फैल रही है। इन पर नियंत्रण के लिए सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

इन्दौर समाचार 3/9/21

# सुभाष शॉपिंग कॉम्लेक्स की दुकानें बेचने की तैयारी

## निगम ने कार्यशाला आयोजित कर बताया किस प्रकार क्रय की जा सकती है दुकानें

**रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग महू रोड पर स्थित सुभाषचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की 99 दुकानों के विक्रय हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारी, दुकानदार व नागरिकों को दुकानें क्रय करने हेतु निविदा प्रक्रिया व शर्तों से अवगत कराया गया।

निगम आयुक्त आयोजित कार्यशाला में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित जानकारी से नागरिकों को अवगत कराते हुए बताया कि 102 दुकानों मे से शेष 99 दुकानों का विक्रय नगर निगम द्वारा ऑन लाईन निविदा के माध्यम से किया जाना है जिसकी निविदा शीघ्र जारी की जायेगी।

उन्होने बताया कि शहर की आबादी के मान से दुकानों का आरक्षण तय कर दिया गया है साथ ही कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार



दुकानों का आरक्षित मूल्य भी तय कर दिया गया है। वर्तमान में दुकानों की रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य प्रारंभ है। काम्पलेक्स में निगम द्वारा कार्यालय संचालित किया जा रहा है कोई भी नागरिक कार्यालय समय में उपस्थित होकर दुकानों की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों को देख भी सकते है।

इस अवसर पर उन्होने बताया कि दुकान आवंटन होने पर 25 प्रतिशत राशि व 120 दिवस या उससे पहले संपूर्ण राशि जमा कराने पर एक सप्ताह में रजिस्ट्री संपादित करा दी जायेगी। आवंटन के समय यदि एक साथ 10 वर्ष की लीजरेंट राशि जमा करा दी जाती है तो उसे फ्री होल्ड किया जाकर संपूर्ण मालिकाना हक प्राप्त होगा इसके पश्चात सिर्फ वार्शिक भू-भाटक ही जमा कराना होगा।

कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास ने इस अवसर पर ऑन लाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दुकान क्रय करने वाले व्यक्ति को ऑन लाईन टेण्डर भरे जाने हेतु सर्विस प्रोवाईडर की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

आयोजित कार्यशाला उपायुक्त विकास सोलंकी, में कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, एम.के.जैन, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र गोठवाल के अलावा मुर्तजा तालवाला, राजेन्द्र मूणत, हुसैन जमाली, इलियास खान, शोएब खान, मनीश जोशी, प्रमोद जोगी, उत्कर्श आचार्य, आदर्श आचार्य, पी.के.आचार्य, मोहम्मद नावेद, राजु, अंकित जैन, गौरव रसेला, अनोखीलाल राठौड़, लकी राठौड़, रवि प्रजापत, अनिल भटनागर, राहूल वोरा सहित व्यापारी, दुकानदार व नागरिक उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 3/9/21

## शैरानीपुरा, ऊंकाला रोड व बंजारा बस्ती में हुई कारवाई

# चार घंटे की कार्रवाई, पांच तबेले जमींदोज

खबर का असर



पत्रिका
प्रकाशित खबर।







### महिला व पुरुषों ने किया विवाद का प्रयास, पुलिस ने दिखाई सख्ती

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य, लोकनिर्माण, राजस्व विभाग ने पुलिस को साथ लेकर गुरुवार को शहर के तीन अगल - अगल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 अवैध तबेलों को जमीजोद कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाओं व पुरुषों ने विवाद की कोशिश की, लेकिन पुलिस के रहते उनकी एक नहीं चली। दल के सदस्यों ने जेसीबी, सब्बल आदि की मदद से अवैध तबेलों को तोड़कर ही दम लिया। पत्रिका की खबरों के बाद कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के सख्त निर्देशों के बाद यह कार्रवाई की गई।

सुबह करीब 10.18 बजे बाद नगर निगम आयुक्त झारिया ने निर्देश जारी किए 1 जेसीबी, 1 डंपर, 1 क्रेन लेकर इंजीनियरिंग, राजस्व व पुलिस की टीम कार्रवाई की शुरुआत करें। सामाग्री को जब्त करते हुए कम से कम 10 तबेलों को तोड़ा जाए। इनपर 15 हजार रुपए का अर्थदंड किया जाए। जब्त किए सामान को पलसोड़ा वर्कशॉप में भेजा जाए। इसके बाद निगम का अमला करीब 11 बजे सबसे पहले अलकापुरी के करीब बंजारा बस्ती पहुंचा। यहां पर एक तबेला तोड़ा गया। धबाई जी का वास निवासी विष्णु गुर्जर का तबेला ऊंकाला रोड पर, सूरजमल जैन नगर में बालकृष्ण शर्मा का तबेला, शेरानीपुरा में हमीद अब्दूल मजीद का तबेला व असलम बशीर खां का तबेला तोड़ा गया।

पत्रिका इम्पैक्ट

### तबेले की आड़ में बस्ती बसा ली

कई क्षेत्र में तबेलों की आड़ में बस्ती को ही बसा लिया गया। जब तोड़फोड़ शुरू हुई तो शुरू में महिलाओं व पुरुषों ने जमकर विरोध किया, लेकिन पुलिस के डंडे के आगे एक नहीं चली। इसके बाद घरेलू सामान लेकर सदस्य बाहर निकल गए। इस दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एपीसिंह, लोकनिर्माण विभाग के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, राजस्व विभाग के सुशील ठाकुर, जोन प्रभारी किरण चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशौर पाटनवाला, औद्योगिक थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका 3/9/21

### मोती नगर की घटना

# वैक्सीन लगाने गई टीम को पत्थर लेकर मारने दौड़ा युवक

## पुलिस को दी खबर, मामले की जांच शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में गुरुवार से मोबाइल टीम अलग-अलग इलाकों में वैक्सीनेशन के लिए गई। टीम जब मोतीनगर में पहुंची तो एक नई मुसीबत से पाला पड़ गया। एक युवक टीम को उल्टे पांव लौटने का कहने लगा। शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव का हाथ पकड़ लिया। यहां तक की पत्थर उठाकर मारने भी दौड़ा। कुछ लोगों ने युवक को समझाया। बात नहीं बनी तो टीम के लोगों ने एसडीएम और सीएसपी को सूचना दी तब पुलिस पहुंची। हालांकि, मोती नगर में टीम वैक्सीनेशन से पीछे नहीं हटी और लोगों को वैक्सीन लगाई।



टीम को पत्थर लेकर मारने दौड़े युवक को पकड़ते लोग।

**कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था, मजदूरों ने नहीं लगवाई वैक्सीन** - इधर गुरुवार को मोबाइल टीम ने कालागौरा भैरव, राम नगर, मोती नगर में वैक्सीनेशन किया। एसडीएम अभिषेक गेहलोत भी वहां पहुंचे। कंस्ट्रक्शन का काम जारी था, ऐसे में एसडीएम ने वहां काम कर रहे लेबर से जानकारी तो वैक्सीन नहीं लगवाने की बात कही। एसडीएम ने ठेकेदार से वैक्सीन लगवाने का कहा। शुक्रवार को टीम जेवीएल मंदिर के आसपास, डोसीगांव प्रधानमंत्री आवास, जावरा फाटक के आसपास, विरियाखेड़ी और मुखर्जी नगर में वैक्सीनेशन के लिए जाएगी।

**आज से जिला अस्पताल में भी लगेगी वैक्सीन** - जिले में शुक्रवार से जिला अस्पताल में भी वैक्सीनेशन की सुविधा शुरू कर दी गई है। ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन होगा। शुक्रवार को जिला अस्पताल में रेडक्रॉस द्वारा संचालित सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय के रिनोवेशन काम, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर का एडीएम जमुना भिड़े व डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन ने जायजा लिया। जिला अस्पताल में आयुष्मान काउंटर का निरीक्षण किया और फ्लेक्स व माइकिंग की सुविधा कर सूचना देने का कहा। जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष में लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की फ्री सुविधा उपलब्ध कराई है। लोग आधार कार्ड और समग्र आईडी लेकर कार्ड बनवा सकते हैं।

### युवक ने उत्पात मचाया

*हम लोगों को वैक्सीन लगवाने गए थे। एक युवक ने खूब उत्पात मचाया। वह हमें पत्थर मारने भी दौड़ा। इसकी जानकारी पुलिस को दे दी है।*

**लोकेश वैष्णव,** शहर प्रभारी, वैक्सीनेशन

दै. भास्कर 3/9/21

### घटना मोती नगर क्षेत्र की

# टीकाकरण टीम के साथ शराबी ने की हाथापाई, थाने में शिकायत

**रतलाम @ पत्रिका.** शहर में दिव्यांग और असहाय लोगों को घर घर जाकर टीका लगाने वाली टीम के साथ गुरुवार को एक स्थान पर हाथापाई का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद टीम के सदस्यों द्वारा पुलिस से इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह घटना मोती नगर क्षेत्र की है। शहर के मोती नगर क्षेत्र में लोकेश वैष्णव के साथ वैक्सीनेशन टीम पहुंची। जहां लोकेश और टीम के साथ यहां एक शराबी ने पहले तो विवाद किया और फिर हाथापाई शुरू कर दी। इसके बाद यहां पर कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया जिसके बाद टीम यहां से रवाना हो गई।

पत्रिका

पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

## तैयारी: अब जिला अस्पताल में हो रहा कोविड वैक्सीनेशन

रतलाम. जिले में कोविड-19 टीका लगवाने के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिला अस्पताल में भी कोविड टीकाकरण की शुरुआत कर दी गई है। जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची काउंटर के पास कोविड वैक्सीनेशन की सुविधा प्रारंभ की गई है।

यहां शुरू की गई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं की हकीकत तलाशने के लिए गुरुवार को एडीएम जमुना भिडे एवं डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन भी पहुंची। कोविड वैक्सीनेशन के लिए भी जिला चिकित्सालय रतलाम की ओपीडी पर्ची काउंटर के पास 18 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही अपने मोबाईल और आधार कार्ड के आधार पर कोविड वैक्सीनेशन प्रतिदिन करा सकते हैं। निरीक्षण के समय सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर आरएमओ डॉ. योगेश नीखरा एवं डॉ. रजत दुबे , लोकेश वैष्णव उपस्थित रहे।

सोनोग्राफी सेंटर, बाल चिकित्सालय में रिनोवेशन संबंधी कार्य, आयुष्मान हेल्प डेस्क, कोविड वैक्सीनेशन काउंटर सबधी सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाऐं सुधारने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड काउंटर कानिरीक्षण किया और फलैक्स एवं माईकिंग की सुविधा करते हुए आगंतुकों को सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए।

पत्रिका 3/9/21

## शहर में मोबाईल दल भ्रमण करके टीकाकरण करेंगे

रतलाम। जिले में संचालित कोविड वैक्सीनेशन अभियान की समीक्षा कलेक्टर द्वारा बुधवार शाम की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में कम से कम 90 प्रतिशत प्रथम डोज वैक्सीनेशन होने पर ही संतुष्टि हो सकेगी। इसलिए अब माइक्रो प्लान बनाकर कार्य किया जाए। रतलाम शहर में 96 प्रतिशत वैक्सीनेशन किया जा चुका है। रतलाम शहर में 2 सितम्बर को मोबाईल दल भ्रमण करके टीकाकरण करेंगे। 2 सितम्बर को जिले में 22 हजार लोगों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, श्री एम.एल. आर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन, सुश्री मनीषा वास्कले, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, डीपीएम डॉ. अजहर अली, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम जिला चिकित्सालय में वैक्सीनेशन कैंप रखते हुए वंचित व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जाए। कैंप का समय प्रातः 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक का रहेगा। बैठक में बताया गया कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन दलों द्वारा 77 ऐसे व्यक्तियों का वैक्सीनेशन घर पहुंचकर किया गया है जो या तो दिव्यांग अथवा 80 वर्ष आयु से ऊपर के हैं।

3/9/21

# युवक की डेंगू से मौत... एंटीजन पॉजिटिव था पर अफसरों का पुष्टि से मना, एंटीजन नहीं मान रहे... इसलिए दो साल से मौत रजिस्टर्ड नहीं

**अधिकारियों का तर्क** - 10 दिन से बाहर इलाज ले रहा था, हम सिर्फ एलाइजा कंफर्म को डेंगू मानते हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम/सैलाना

पैर पसार रहे डेंगू का अब जानलेवा रूप दिखाने लगा है। गुरुवार को 27 साल के एक युवक ने दम तोड़ दिया। यह युवक निजी अस्पताल में इलाज ले रहा था। एंटीजन की जांच रिपोर्ट में डेंगू पॉजिटिव भी बताया था लेकिन मलेरिया विभाग और स्वास्थ्य विभाग इस मौत को डेंगू से मौत मानने से इनकार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि हम सिर्फ एलाइजा कंफर्म को ही डेंगू मानते हैं। बता दें कि विभागों के इसी कारण पर अड़े रहने से सरकारी रिकॉर्ड में 2021 और 2020 में डेंगू से एक भी मौत दर्ज नहीं है। आखिरी मौत 2019 में दर्ज है, वह भी रतलाम में नहीं बल्कि वडोदरा में मौत होना बताया है।

नगर परिषद में सहायक वर्ग-तीन के पद पर काम करने वाले सुरेश भूरिया पिता धूलसिंह का गुरुवार सुबह शास्त्री नगर स्थित रतलाम हॉस्पिटल में मृत्यु हो गई। वे रैपिड टेस्ट में डेंगू पॉजिटिव मिले थे, गुरुवार को उनके प्लेटलेट्स भी 28 हजार ही रह गए थे, जो 1.5 लाख होने चाहिए। भूरिया मूलतः आलीराजपुर जिले के भाभरा तहसील के पारा गांव के थे। मलेरिया व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक ही रट है कि युवक एलाइजा टेस्ट कंफर्म नहीं था, ऐसे में वे इसकी पुष्टि नहीं करेंगे।

## आलीराजपुर जिले का रहने वाला युवक सैलाना नगर परिषद में करता था काम, अप्रैल में हुई थी शादी



17 अप्रैल 2021 को सुरेश भूरिया की शादी हुई थी।

**10 दिन पहले घर गए थे** करीब 10 दिन पहले भूरिया अपने घर पारा गए थे। वहां पर तबीयत खराब होने पर इलाज करवाया और ठीक हो गए। जन्माष्टमी पर माता-पिता के पास पिपरिया भी गए थे व सैलाना लौट आए। यहां ऑफिस आकर काम किया। मंगलवार शाम को फिर से तबीयत खराब होने लगी तो वह खुद रतलाम के हॉस्पिटल में जाकर भर्ती हो गए। इसकी जानकारी सीएमओ जेपी गुहा को दी।

**3 यूनिट ब्लड चढ़ाया** - बुधवार रात को अचानक भूरिया की तबीयत बिगड़ने लगी। तीन यूनिट रक्त भी चढ़ाया। गुरुवार सुबह 10.30 बजे सुरेश ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। सुरेश भूरिया की लॉकडाउन में 21 अप्रैल 2021 को शादी हुई थी। पिता धूलसिंह भूरिया होशंगाबाद की पिपरिया कोर्ट में हैं। सीएमओ जेपी गुहा ने बताया कि सुरेश के प्लेटलेट्स कम हो गए थे। प्रारंभिक तौर पर डेंगू मौत की वजह है।

**किट खत्म... डेंगू की जांच बंद**

इधर, शहर में डेंगू की जांच किट ही खत्म हो गई है। ऐसे में गुरुवार को एक भी टेस्ट नहीं लग सका। अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार तक किट आ सकती है, इसके बाद जांच शुरू की जाएगी। जिले में अब तक 202 पॉजिटिव केस आ चुके हैं। शहर में 2018 में 242 मामले सामने आए थे।

भास्कर

### अधिकारी- एलाइजा टेस्ट को मानते हैं

*10 दिन से तबीयत खराब थी* - युवक की 10 दिन से तबीयत खराब थी। वे रतलाम में भी नहीं थे। हम डेंगू की पुष्टि नहीं करते हैं। एलाइजा कंफर्म को ही डेंगू से मौत मानी जाती है। - डॉ. प्रभाकर ननावरे, सीएमएचओ, रतलाम

*सरकार नहीं मानती* - यह युवक रतलाम में नहीं था। गंभीर हालत में ही निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था। डेंगू से मौत की पुष्टि हम नहीं करते हैं। किट से पॉजिटिव को सरकार नहीं मानती। - डॉ. प्रमोद प्रजापति, मलेरिया अधिकारी, रतलाम

दे.भास्कर 3/9/21

# ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ठ रोगी बस्ती के रहवासियों को शीघ्र मिलेगा धोलावाड़ का मीठा पानी



**रतलाम**। धोलावाड़ रोड स्थित ईश प्रेम बस्ती व मोती नगर स्थित कुष्ट रोगी बस्ती के रहवासियों को धोलावाड़ का मीठा पानी उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, उपयंत्री सुहास पंडित, पूर्व क्षेत्रिय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा, पूर्व पार्षद सतीष भारतीय के साथ स्थलों का निरीक्षण कर पेयजल सप्लाय प्रारंभ करने के निर्देश संबंधितों को दिये। निगम आयुक्त को निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्रों में पेयजल पाईप लाईन डाली जाकर उन्हे मुख्य पाईप लाईन से जोड़ा भी जा चुका है किन्तु रोड़ निर्माण के दौरान पाईप लाईन क्षतिग्रस्त होने से उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय नहीं हो पा रहा है, पाईप लाईन दुरस्ती के पश्चात उक्त दोनो क्षेत्रों में पेयजल सप्लाय के साथ ही शंकरगढ़ व राम नगर में पेयजल सप्लाय प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि पाईप लाईन दुरस्ती का कार्य शीघ्र किया जाकर पेयजल सप्लाय प्रारंभ की जाये साथ ही कैम्प लगाकर जलकर डायरी भी 10 दिनों में बनाई जाये। मोती नगर के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी भवन निर्माण कार्य का निगम आयुक्त ने अवलोकन कर हितग्राहियों से भवन निर्माण हेतु अब तक कितनी किश्ते प्राप्त हुई है की जानकारी ली। २१५

राज एक्सप्रेस 3/9/21

**नगर निगम की सख्ती** • गुरुवार को अलकापुरी बंजारा बस्ती, शेरानीपुरा ऊंकाला रोड पर की कार्रवाई

# 4 साल बाद हुई कार्रवाई, 7 तबेलों पर चला बुलडोजर, 29 रहवासी क्षेत्रों में भी हटाएंगे

▪ नगर निगम ने सर्वे के बाद सूची बनाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रहवासी इलाकों में तबेले बनाकर गाय, भैंस पालने वालों के खिलाफ गुरुवार से मुहिम शुरू हो गई है। पहले दिन अलकापुरी बंजारा बस्ती, शेरानीपुरा ऊंकाला रोड के सात भैंसों के तबेलों को बुलडोजर चलाकर जमींदोज किया गया। नगर निगम के पास ऐसे 29 तबेलों की सूची है। मुहिम में सभी को हटाया जाएगा। रहवासियों की शिकायतों के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे कर सूची बनाई थी। तीन माह से इन्हें लगातार हिदायत, चेतावनी के साथ ही नोटिस भी दिए गए थे। बावजूद मवेशी पालकों ने रहवासी क्षेत्र में पशुपालन बंद नहीं किया। ऐसे में नगर निगम को कदम उठाना पड़ा। स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की कार्रवाई में तबेले हटाकर उसकी सामग्री राजसात भी गई। इतना ही नहीं तबेला मालिक से अतिक्रमण हटाने का खर्च 15 हजार रुपए प्रति घंटे के मान से जुर्माना के रूप में वसूला जाएगा।

### गुरुवार को कार्रवाई में इन इलाकों के तबेले हटाए

- बंजारा बस्ती टैगोर कॉलोनी - शरीफ खां, बशीर खां, मुन्नाभाई
- शेरानीपुरा खेड़ा - हमीद पिता मजिद, असलम खां बशीर खां
- ऊंकाला रोड - विष्णु गुर्जर धभाईजी का वास, बालकृष्ण शर्मा सूरजमल जैन नगर

## अवैध गुमटियां बख्शीं : डीआरएम कार्यालय के पास प्रशासन को नजर नहीं आईं



शेरानीपुरा में पक्का तबेला तोड़ती जेसीबी।


दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन टू लेन में दिए गए नोटिस।

### तीन साल पहले सिर्फ नोटिस थमाए, कार्रवाई नहीं की

इसके पहले 2017 में नगर निगम ने तबेले तोड़ने की कोशिश की थी। तब भी अमला सिर्फ 7 ही तबेले तोड़ पाया था। इसके बाद सूरजपौर के पास एक तबेले तोड़ने के दौरान तत्कालीन एसडीएम और तबेला मालिकों में जमकर विवाद हुआ था। इसके बाद विरोध करने वाले 6 मवेशी मालिकों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया गया था। यहीं नहीं एक मवेशी मालिक के नल और बिजली कनेक्शन भी काट दिए थे। इसके बाद 2018 में तत्कालीन कमिश्नर एसके सिंह ने 159 मवेशी पालकों को नोटिस दिए थे लेकिन एक भी तबेला नहीं तोड़ पाए।

### दो बत्ती से डाट की पुल तक मकान मालिकों को नोटिस

टू लेन निर्माण कार्य के बाद नगर निगम ने अब जाकर दो बत्ती चौराहा से डाट की पुल तक के मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। वहीं दूसरी तरफ डीआरएम कार्यालय के बाउंड्रीवॉल से लगती अवैध गुमटियां रखी हुई हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। नोटिस में मकान मालिकों से रजिस्ट्री, बिल्डिंग परमिशन, नक्शे सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं। रहवासियों में खासा आक्रोश है। उनका कहना है नपती करने के बावजूद नोटिस देकर दबाव बनाया जा रहा है। इंजीनियर मनीष तिवारी ने बताया कि अभी तो सिर्फ नोटिस देकर मकान से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं।

### 15 हजार रुपए प्रतिघंटा जुर्माना वसूला जाएगा

*शहर सीमा के सभी तबेले तोड़ेंगे। मवेशी पालकों को कई महीनों से चेतावनी दे रहे थे। तबेलों को तोड़ने के साथ सामग्री राजसात की जाएगी। कब्जेधारियों से अतिक्रमण हटाने पर 15 हजार रुपए प्रतिघंटे के मान से जुर्माना राशि भी वसूलेंगे।* - **सोमनाथ झारिया, कमिश्नर**

भास्कर

दे. भास्कर 3/9/21

## शहर में बने पांच तबेले तोड़े

रतलाम। शहर सीमा में संचालित भैंसों के तबेले हटाने का अभियान गुरुवार को शुरू किया गया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर अलकापुरी बंजारा बस्ती, शेरानीपुरा, ऊंकाला रोड, सूरजमल जैन नगर में निगम, राजस्व व पुलिस अमले ने पांच तबेले तोड़े और संचालकों को शहर सीमा से बाहर तबेले संचालित करने के निर्देश दिए।